शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, शिवपुरी (म.प्र.)

क्रमांक 5390 /स्था./अराज/2021 शिवपुरी, दिनांक – 01/5/2021

//विज्ञप्ति सूचना//

1. मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, भोपाल के पत्र क्रमांक एफ2–06/2018/1–55 भोपाल दिनांक 07.04.2018 द्वारा शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, शिवपुरी में मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सकीय सेवा आदर्श नियम 2018 एवं संचालनालय, चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. द्वारा प्राप्त अनुसूचियों के आधार पर शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, शिवपुरी में स्टॉफ नर्स के रिक्त पदों पर केवल महिला अभ्यार्थियों के आवेदन पत्र प्राप्त कर भर्ती परीक्षा के आधार पर प्रवीणय सूची एम.पी.ऑनलाईन के माध्यम से तैयार की जानी है। इस हेतु निर्धारित शर्तों के अधीन आवेदन पत्र एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से आमंत्रित किये जाते है आवेदन पत्र एम.पी. ऑनलाईन www.mponline.gov.in की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

2. आवेदन संबधित समय तालिका :–

क्रमांक	गतिविधि	तारीख
1	ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि	01.05.2021 रात्रि 12:00 बजे से
2	ऑनलाईन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	20.05.2021 रात्रि 11:59 बजे तक
3	परीक्षा	सूचना प्रथक से एम.पी.ऑनलाईन पर एवं चिकित्सा महाविद्यालय की वेबसाईट पर दी जावेगी कृप्या समय–समय पर अवलोकन करते रहें।

3. विज्ञापित पदों हेतु अभ्यार्थियों के चयन के संबंध में अवगत किया जाता है कि अभ्यार्थियों की भर्ती परीक्षा मे प्राप्त अंको के आधार पर प्रवीणय सूची एम.पी.ऑनलाईन के माध्यम से तैयार की जानी है। उक्त अनुसार योग्य पाये जाने वाले उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाया जावेगा एवं प्रवेश दिया जावेगा।

4. उपरोक्त तिथियां शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, शिवपुरी की आवश्यकता अनुसार परिवर्तित की जा सकती है। यह उम्मीदवारों के हित में है कि वे शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, शिवपुरी की वेबसाईट http://shivpurimedicalcollege.com एवं एम.पी.ऑनलाईन की वेबसाईट www.mponline.gov.in का नियमित रूप से अवलोकन करते रहे एवं महत्वपूर्ण सूचनाओं व निर्देशों पर ध्यान देवें। इस संबंध में शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, शिवपुरी की कोई जबावदारी नहीं होगी। यदि आवेदक समय–समय पर महाविद्यालय द्वारा जारी महत्वपूर्ण सूचनाओं एवं निर्देशों का अवलोकन करने में असफल होता है तो इसकी दावेदारी मान्य नहीं की जावेगी। परन्तु इसके पश्चात् भी यदि अभ्यार्थी द्वारा असत्य या गलत जानकारी ऑनलाईन आवेदन में दी जाती है तो ऐसी स्थिति में आवेदक की अभ्यार्थिता निरस्त कर दी जावेगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता,
शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, शिवपुरी

Scanned with CamScanner